Australian Government
Civil Aviation Safety Authority

KNOW YOUR DRONE

ड्रोन सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी



आपको अपने ड्रोन को ज़मीन से 120 मीटर से ज़्यादा ऊपर नहीं उड़ाना चाहिए।



आपको अपने ड्रोन को अन्य लोगों से कम से कम 30 मीटर की दूरी पर रखना चाहिए और कभी भी किसी व्यक्ति के ऊपर नहीं उड़ाना चाहिए।।

आपको एक बार में केवल एक ही ड्रोन उड़ाना चाहिए।



केवल दिन के उजाले में ही उड़ान भरें।



आपको घनी आबादी वाले इलाके में उड़ान नहीं भरनी चाहिए। इसमें समुद्री तट, पार्क, कार्यक्रम या खेलों के दौरान खेल के मैदान (स्पोर्टस ओवल) शामिल हैं।

आपको अपने ड्रोन को इस तरह से नहीं उड़ाना चाहिए जिससे किसी दूसरे विमान, व्यक्ति या संपत्ति को ख़तरा हो। दूसरों के एकांत का सम्मान करें।

अपने ड्रोन को अपनी नज़र मे रखें। इसका मतलब है कि आपको इसे हमेशा अपनी आँखों से देखना चाहिए (किसी यंत्र, स्क्रीन या चश्मे के ज़रिए नहीं)। बादल, कोहरे या धुएँ के बीच से न उड़ें।



आपको अपने ड्रोन को सार्वजनिक सुरक्षा को प्रभावित करने वाले क्षेत्रों या जहाँ आपातकालीन ऑपरेशन चल रहे हैं, के ऊपर या उनके पास नहीं उड़ाना चाहिए। इसमें एम्बुलेंस, पुलिस, खोज और बचाव, या अग्निशमन प्रयास शामिल हैं।

यदि आपके ड्रोन का वज़न 250 ग्राम से ज़्यादा है, तो आपको नियंत्रित हवाई अड्डे (कंट्रोल टावर वाले एयरपोर्ट) के 5.5 किलोमीटर के अंदर उड़ान नहीं भरनी चाहिए। यदि इसका वज़न 250 ग्राम या उससे कम है, तो आप 5.5 किलोमीटर के अंदर 45 मीटर की ऊंचाई तक उड़ान भर सकते हैं, लेकिन हवाई अड्डे की सीमा से बाहर रहें और अन्य विमानों के लिए ख़तरा पैदा न करें। वजन चाहे जो भी हो, रन वे की पहुँच और प्रस्थान पथ (एप्रोच और डिपार्चर) पथ से दूर रहें।

छोटे हवाई अड्डों के पास, जहाँ कंट्रोल टावर नहीं हैं, आप अपने ड्रोन को 5.5 किलोमीटर के अन्दर उड़ा सकते हैं। अगर आपको आस-पास चालक दल (क्रू) वाले विमान के बारे में पता चले, तो दूर हट जाएँ और अपने ड्रोन को जल्दी और सुरक्षित तरीके से उतारें।

यदि आप किसी हेलीकॉप्टर लैंडिंग स्थल से 1.4 किमी के दायरे में हैं और आपको पता चलता है कि कोई हेलीकॉप्टर नज़दीक में उड़ान भर रहा है या उतर रहा है, तो आपको अपने ड्रोन को दूर ले जाना चाहिए और उसे सुरक्षित रूप से नीचे उतारना चाहिए।

अगर आप अपने ड्रोन को काम के लिए (व्यावसायिक रूप से) उड़ाते हैं, तो अतिरिक्त नियम लागू होते हैं। आपको अपने ड्रोन को पंजीकृत करना होगा और लाइसेंस या मान्यता प्राप्त करनी होगी। अगर आप केवल मौज-मस्ती के लिए उड़ाते हैं, तो किसी पंजीकरण या मान्यता की ज़रूरत नहीं है।

»» KNOWYOURDRONE.GOV.AU

2405.4919_Hindi